# उत्तर मध्यकालीन काव्य - 03

1. "ऊँचे घोर मन्दर के अन्दर रहनवारी ऊँचे मन्दर के अन्दर रहाती है" यह पंक्ति किस कवि की है :
a) पद्माकर b) भूषण c) घनानन्द d) बिहारी

2. भूषण का कौन- सा ग्रन्थ इनमें रीति ग्रन्थ है :
a) शिवराज भूषण b) शिवा बावनी c) छत्रसाल दशक
d) कोई नहीं

3. किस कवि की पालकी में बुन्देलखण्ड के एक शासक ने अपना कन्धा लगाया था :
a) बिहारी b) घनानन्द c) भूषण d) देव

4. शिवराज भूषण में अलंकारों की संख्या कितनी है :
a) 100 b) 105 c) 320 d) 210

5. "बतरस लालच लाल की मुरली धरी लुकाय। सौंह करै भौंहनु हंसे देन कहै नटि जाय।" में कौन- सा रस है :
a) भक्ति रस b) श्रृंगार रस c) करुण रस d) हास्य रस

6. भाषा की समास शक्ति और कल्पना की समाहार शक्ति का सर्वाधिक उपयोग इनमें से किस कवि ने किया है :
a) भूषण b) चिन्तामणि c) बिहारी d) घनानन्द

7. इनमें से सर्वाधिक टीकाएं किस पुस्तक पर उपलब्ध होती हैं :
a) बिहारी सतसई b) मतिराम सतसई c) सुजान चरित d) भाषा भूषण

8. "नहिं पराग नहिं मधुर मधु नहिं विकास इहि काल।" यह पंक्ति किस कवि की है :
a) बिहारी b) घनानन्द c) केशवदास d) भूषण

9. 'जहाँगीर जसचन्द्रिका' के रचयिता का नाम क्या है :
a) [illegible] b) घनानन्द c) केशवदास d) आलम

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

10. रीतिमुक्त धारा में इनमें से किसे प्रमुखता मिली है :
a) शृंगार रस चित्रण b) रीति निरुपण c) राज प्रशस्ति d) भक्ति भावना

11. इनमें से कौन-सा कवि रीतिमुक्त धारा का नहीं है ;
a) रसलीन b) बोधा c) आलम d) ठाकुर

12. बिहारी सतसई पर किसका प्रभाव नहीं है :
a) गीत गोविन्द b) अमरुक शतक c) गाथा सप्तशती d) आर्या सप्तशती

13. इनमें से कौन-सा ग्रन्थ रीति ग्रन्थ नहीं है :
a) भाषा भूषण b) बिहारी सतसई c) पद्माभरण d) कविप्रिया

14. रीतिबद्ध कवियों की तुलना में घनानन्द का शृंगार वर्णन अधिक आकर्षक है, क्योंकि वह :
a) सुजान प्रेरित है b) माँसल है c) अलौकिक है
d) स्वानुभूत एवं स्वछन्द है

15. इनमें से कौन-सा रीतिबद्ध कवि नहीं है
a) मतिराम b) द्विजदेव c) पद्माकर d) ग्वाल कवि

16. रीतिकाल की परम्परा में अन्तिम शृंगारी कवि शुक्ल जी किसे मानते हैं :
a) पद्माकर b) सेनापति c) द्विजदेव d) ग्वाल

17. निम्न सूचियों को सुमेलित करके सही विकल्प का चयन कीजिए

| सूची I (कवि का नाम) | सूची II (जन्म-काल) |
|---|---|
| 1. केशवदास | a) 1613 ई० |
| 2. बिहारी | b) 1560 ई० |
| 3. घनानन्द | c) 1595 ई० |
| 4. भूषण | d) 1689 ई० |

| कोड : | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| A) | b | c | d | a |
| B) | a | c | b | d |
| C) | c | d | b | a |
| D) | b | d | a | c |

REDMI NOTE 8
AI QUAD CAMERA

18. "चन्द्रवदनि मृगलोचनी बाबा कहि-कहि जाय" यह पंक्ति किस कवि से सम्बन्धित है :
a) देव b) बिहारी c) केशवदास d) मतिराम

19. कवि बिहारी किसके आश्रयदाता थे ?
a) प्रताप साहि b) शिवाजी c) भवानी सिंह d) जयसिंह

20. कवि भूषण किसके आश्रयदाता थे ?
a) प्रताप साहि b) शिवाजी c) भवानी सिंह d) जयसिंह

21. इनमें से कौन बिहारी सतसई की टीका नहीं है :
a) लाल चन्द्रिका b) बिहारी रत्नाकर c) हरि प्रकाश टीका
d) सुबोधार्थ बोधिनी

22. "ये साक्षात् रसमूर्ति और ब्रजभाषा के प्रधान स्तम्भों में हैं।" यह उक्ति आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने किस कवि के बारे में कही है :
a) बिहारी b) पद्माकर c) मतिराम d) घनानन्द

23. छन्दों की विविधता केशवदास की किस रचना में है :
a) रसिकप्रिया b) कविप्रिया c) रामचन्द्रिका d) विज्ञानगीता

24. रीतिकाल में राष्ट्रीयता की भावना जगाने वाला कवि कौन था :
a) बिहारी b) भूषण c) घनानन्द d) केशवदास

25. बिहारी सतसई इनमें से किस वर्ग में आता है :
a) प्रबन्ध काव्य b) मुक्तक काव्य c) चरित काव्य d) चम्पू

———o———